डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 23 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 05 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया



## चित्तौड़ से मल्हारगढ़ तक क्रासिंग के लिए नहीं रुकेगी ट्रेन, बचेगा यात्रियों का समय

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे के रतलाम-नीमच दोहरीकरण कार्य ने अब काफी गति पकड़ ली है। रेलवे के अधिकारी लगातार ठेकेदार के कार्यों की मानिटरिंग कर रहे हैं। अब जल्द ही हर्कियाखाल से मल्हारगढ़ के बीच भी नई लाइन चालू करने की तैयारी है। रेलवे अधिकारी जल्द ही इसके निरीक्षण के लिए सीआरएस से समय ले सकते हैं।

निरीक्षण के बाद हरी झंडी मिलते ही चित्तौड़ से मल्हारगढ़ तक किसी भी ट्रेन को क्रासिंग के लिए नहीं रुकना होगा। यात्रियों का समय भी बचेगा और ट्रेन भी देरी से नहीं चलेगी। 132 किमी लंबे रतलाम-नीमच रेलखंड पर दोहरीकरण का कार्य पूरे ट्रेक को अलग-अलग खंड में बांटकर तेजी से चलाया जा रहा है। अभी तक रतलाम से नामली तक और नीमच से हर्कियाखाल तक दोहरीकरण पूर्ण कर नई लाइन पर ट्रेनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है। नवंबर में ही हर्कियाखाल से मल्हारगढ़ के बीच दोहरीकरण पूर्ण होकर सीआरएस निरीक्षण कराने की तैयारी रेलवे के अधिकारी कर रहे हैं। सीआरएस की हरी झंडी मिलते ही नई लाइन पर ट्रेन चलने लगेगी।

### पहले चलाएंगे मालगाड़ी...

पहले इस ट्रेक पर मालगाड़ी चलाई जाएगी और फिर यात्री ट्रेने चलेगी। मल्हारगढ़ में दोनों प्लेटफार्म बनकर तैयार हैं। स्टेशन का नया भवन भी बन गया है। इस खंड के बीच 13 ब्रिज में से 1 बड़े व 1 छोटे ब्रिज का कुछ कार्य बाकी है, जो आगामी 10 दिन में पूर्ण हो जाएगा। ब्रिज व आसपास कुछ जगह पटरी बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है। दोहरीकरण के तहत हर्कियाखाल व मल्हारगढ़ स्टेशन की नई बिल्डिंग बनाने और स्टेशन की लंबाई बढ़ाने, फुट ओवरब्रिज बनाने और इस खंड पर पड़ने वाले बड़े व छोटे मिलाकर 27 ब्रिज निर्माण होने थे। हर्कियाखाल से मल्हारगढ़ के बीच केवल दो ब्रिज में थोड़ा बहुत काम बचा है। नीमच से हर्कियाखाल के बीच सीआरएस निरीक्षण हो गया है और अब नई लाइन पर सभी प्रकार की ट्रेनों का आवागमन शुरू हो चुका है। दूसरे चरण में हर्कियाखाल से मल्हारगढ़ के बीच करीब 12 किमी लंबी नई लाइन का कार्य भी पूरा हो गया है।

## पोल पर चढ़े किसान को लगा करंट, मौत

**पिपलियामंडी, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पोल पर चढ़े एक किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। करंट लगने से बाद किसान का शव तार पर लटका रहा। जिसे बिजली सप्लाय बंद कर नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर नाहरगढ़ थानान्तर्गत गांव बेखेडा में अम्बालाल (25) पिता मांगीलाल बावरी का शव विद्युत पोल पर तारों के बीच लटका मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची। बिजली सप्लाय बंद कर किसान का शव नीचे उतारा। बताया गया दोपहर तीन बजे बिजली बंद होने के बाद किसान खेत की सिंचाई के लिए तार जोड़ने के लिए पोल पर चढ़ा था, इसी दौरान उपर जा रही 24 घंटे चलने वाली बिजली लाइन से युवक को करंट लग गया और वह तारों के बीच की झूल गया और उसकी मौत हो गया। बताया गया युवक की शादी कुछ माह पूर्व ही हुई थी। इधर नाहरगढ़ थाना प्रभारी प्रभात गौड़ ने बताया युवक बिजली पोल पर क्यों चढ़ा था यह स्पष्टनही हो पाया, फिलहाल मर्ग कायम किया है।

# पशुपतिनाथ मेला: समय के साथ बदला स्वरुप

## मेले में गुम हुआ पाटोत्सव, कभी सुनने को मिलती थी प्रवचनों की गूंज



**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 11 नवंबर से श्री पशुपतिनाथ मेला लगने वाला है। बात करें मेले के इतिहास की तो पशुपतिनाथ पाटोत्सव मेले की शुरूआत 1962 से हुई है। भगवान की अष्टमुखी प्रतिमा के प्रतिष्ठापन के उपलक्ष्य में सालाना जलसे के रूप में पाटोत्सव की पटकथा संत प्रत्याक्षानंदजी ने लिखी थी। उन्होंने ही 1961 में मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी (27 नवंबर) को मूर्ति की प्रतिष्ठा करवाई थी। अगले वर्ष में पाटोत्सव आरंभ हो गया। उत्सव के दौरान पांच दिनों तक भगवान का श्रृंगार किया जाता था। इस दौरान मेला भी लगाया जाता था। पूरा महोत्सव मंदिर प्रबंध समिति के जिम्मे रहता था। पांच दिनों तक जाने माने संतो के प्रवचनों से पूरा परिसर गूंजता था। यह परंपरा लंबे समय तक चली। अब समय के साथ मेले का स्वरुप ही बदल गया है। पशुपतिनाथ पाटोत्सव मेला अपने मूल स्वरूप को खो चुका है। भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिष्ठापना के उपलक्ष्य में प्रत्यक्षानंदजी की अगुवाई में शुरू की गई यह परंपरा अब आध्यात्म का चोला उतार कर व्यवसायिक स्वरूप ग्रहण की चुकी है। किसी जमाने में यहां संत-महात्मा ज्ञान की गंगा बहाते थे, लेकिन अब मनोरंजन के नाम पर अश्लील नाच और फूहड़ हास्य परोसा जाता है।

### सूत्रधार बदले, बदला स्वरुप...

बदलते वक्त के साथ व्यवस्थाओं में बदलाव आया और पाटोत्सव मेले के सूत्र नगर पालिका के पास आ गये। प्रबंध समिति गर्भगृह तक सिमट कर रह गई। धार्मिक अनुष्ठान समिति के जिम्मे रह गये और मेले का दायरा बढ़ाने में नपा ने कोई कसर नहीं छोड़ी। कुछ ही सालों में आयोजन की सूरत ही बदल गई। मेले में प्रवचनों की जगह फिल्मी गाने गूंजने लगे। लाखों खर्च कर सेलिब्रिटी बुलाने की परंपरा आरंभ हो गई। संत-महात्माओं की जगह शक्ति कपूर, चंकी पांडे और पदमिनी कोल्हापुरे जैसे सिने स्टार नजर आने लगे। छोटे पर्दे पर कामेडी हिट हुई तो राजू श्रीवास्तव, असरानी, भारती सिंह जैसे मसखरों ने हास्य के नाम पर द्विअर्थी संवाद और फूहड़ चुटकुले परोसे। मनोरंजन के नाम पर आर्केस्टा पार्टियां अश्लील ठुमकों से माहौल गरमाने लगी। नपा ने मेले को व्यवसायिक स्वरूप प्रदान कर दिया, जिससे नपा की आय तो बढ़ी ही, मेले का विस्तार भी हो गया। पांच दिनों का आयोजन अब बीस दिनों तक चलने लगा हैं।





### सिमट गया पाटोत्सव...

पाटोत्सव के नाम से मेले का तो विस्तार हो गया, लेकिन पाटोत्सव का मूल तत्व मंदिर के गर्भगृह तक सिमट कर रह गया। प्रबंध समिति के तत्वाधान में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की पंचमी से पांच दिनों तक पशुपतिनाथ का अभिषेक और श्रृंगार होता है। इसके अलावा वर्ष के हर माह की हर पंचमी पर भी विशेष पूजा और अभिषेक होते हैं।

### सेवा करने वोले हुए विस्मृत...

पशुपतिनाथ की प्रतिष्ठापना करने वाले प्रत्यक्षानंद जी ने तत्कालीन समय में जो व्यवस्थाएं की थी, वे आज भुला दी गई। प्रत्याक्षनंदजी ने पं. कचरमल जोशी को पूरे साल के पंचमी अभिषेक, पाटोत्सव मंदिर से संबंधित तमाम धार्मिक अनुष्ठानों की व्यवस्थागत जिम्मेदारियां सौंपी थी। पं. जोशी और उनके परिवार ने सालों तक अपने दायित्व का निर्वहन किया। अब बदले परिवेश में न तो जोशी परिवार को कोई पूछता है और न ही उनकी सेवाओं को याद किया जाता है। प्रत्यक्षानंदजी ने पंचमी अभिषेक के यजमानों को भी तय कर रखा था। इस बार मेले में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है।





## गर्मी से नहीं मिल रही राहत, वायरल और सर्दी-खांसी के मरीजों में इजाफा

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** डेंगू और चिकनगुनिया से जूझ रहे शहर सहित अंचल अब मौसम में बदलाव से लोग बीमार हो रहे है। इसकी बड़ी वजह अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच मानक से अधिक अंतर होना है। डाक्टरो के अनुसार मनुष्य की सामान्य प्रतिरोधक क्षमता अधिकतम 10 डिग्री सेल्सियस का अंतर सहने की होती है। जबकि, 12 से 15 डिग्री का अंतर रिकॉर्ड हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञों के पास सर्दी-जुकाम और गले में दर्द की शिकायत वाले मरीज पहुंच रहे हैं।

मानसून जाने के एक माह बाद भी दिन में गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। नवंबर में भी शरद ऋतु का सुहावना मौसम गायब है। दिन में लगातार तेज गर्मी का अहसास हो रहा है। हालांकि रात के तापमान में कुछ गिरावट आई है। लेकिन, दिन और रात के तापमान में दस से बारह डिग्री से ज्यादा का अंतर बना हुआ है। ऐसे में शरीर के लिए संतुलन बैठाना मुश्किल हो रहा है।

### यह बरते सावधानियां...

अभी न तो पूरी तरह से तापमान में गिरावट आ रही है और न ही ठंड का मौसम आया है, ऐसे में खानपान में लापरवाही से लोग बीमार पड़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार रात में आइसक्रीम खाने से लोगों को गले में खरास, दर्द, सर्दी-जुकाम हो रहा है। चिकित्सकों के अनुसार मौसम सामान्य होने तक खानपान में सावधानी आवश्यक है।

### इस पखवाड़े के बाद होगी ठंड मेंबढ़ोतरी...

नवंबर की शुरुआत के साथ ही शीत ऋतु अपना रंग दिखाने लगी। रात से लेकर सुबह तक गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है। हालांकि दिन में गर्मी का मौसम बना हुआ है। नवंबर में ठंड और गर्मी का ट्रेंड भी रहता है। इधर जिले में अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार नवंबर में सिस्टम की एक्टिविटी कम रहेगी। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से एक्टिव होने वाले साइक्लोनिक सर्कुलेशन और लो प्रेशर एरिया की वजह से कहीं-कहीं बादल या बूंदाबांदी जरूर हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, माह के दूसरे पखवाड़े अर्थात 15 नवंबर के बाद ठंड का असर तेज होगा। पिछले 10 साल से यही ट्रेंड है। हालांकि, दिन में गर्मी का असर दूसरे सप्ताह तक बना रहेगा। इसके बाद पारा 30 डिग्री से नीचे पहुंच जाएगा। उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट होगी।

## दीपावली: कमर्शियल गेस सिलेंडर में 62 रुपए की बढ़ोतरी

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दीपावली पर उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका दिया गया है। नवंबर के पहले दिन जिस दिन कई लोगो ने दीपावली मनाई, उसी दिन एलपीजी गेस सिलेंडर के दामों में इजाफा कर दिया गया। 19 किलो वाले अर्थात कमर्शियल सिलेंडर के दामों में यह बढ़ोतरी की गई है। हर महीने की पहली तारीख को तय होने वाली एलपजी गेस सिलेंडर की कीमत इस बार बढ़ाई गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि बढ़ोतरी घरेलू गेस सिलेंडर के दामो में नहीं हुई है।



नवंबर माह की शुरुआत एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दामों से हुई। 1 नवंबर से एलपीजी गेस सिलेंडर के दाम 62 रुपए बढ़ा दिए गए। ऑयल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए हैं, 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर के दामों में अभी कोई बदलाव नहीं किया है। नए रेटस लागू भी हो गए हैं। बता दें कि माह की पहली तारीख को एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम तय होते हैं। इस दिन ऑयल कंपनियां गैस सिलेंडर के दाम में बदलाव करती हैं। ऑयल कंपनियों ने इस बार 19 किलो वाला व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ा दी है। इससे पहले अक्टूबर और सितंबर में भी 19 किलो वाले व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडर के रेट में बढ़ोतरी की गई थी। ऑयल कंपनियों द्वारा 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 62 रुपए बढ़ाने के बाद मंदसौर में भी ये सिलेंडर महंगा हो गया। अच्छी बात यह है कि 14.2 किलो वाले घरेलू गेस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम अगस्त 2024 से यथावत बने हुए हैं। तब सरकार ने घरेलू गेस सिलेंडर की कीमत में करीब 100 रुपए की कटौती की थी।

## दो सड़क दुर्घटना में 2 घायल, एक गंभीर

**पिपलियामंडी, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम 4 बजे करीब फोरलेन पर बही चौपाटी पर बाइक अनियंत्रित होने से बही निवासी बद्रीलाल (47) पिता भेरुलाल इन्द्र नीचे गिरकर घायल हो गया। टोल प्लाजा पैरामेडीकल टीम ने घायल को मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। वहीं दूसरी घटना में रविवार देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक युवक को नारायणगढ़ हास्पीटल से प्राथमिक मंदसौर जिला अस्पताल रेफर किया, जो बोलने की स्थिति में नही था। बाद में युवक की पहचान केसुन्दा (छोटीसादड़ी) निवासी राजू (23) पिता अमृतपुरी गोस्वामी के रुप में हुई, वह कित्तुखेडी गांव आया था। युवक की स्थित गंभीर होने पर उसे उदयपुर रेफर कर दिया है। इधर नारायणगढ टीआई अनिल रघुवंशी का कहना है दुर्घटना गुड़भेड़ी बड़ी के निकट हुई थी, जिसे इलाज के लिए नारायणगढ हास्पीटल लाया गया था।



## कुएं में मिला लापता बच्चे का शव

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। गरोठ थाना क्षेत्र के गांव गुराड़िया नरसिंह में एक 6 साल के बच्चे का शव कुएं में मिला। बच्चा रविवार दोपहर से लापता था। उसके पिता ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।**

एसआई बापूसिंह बामनिया ने बताया की गुराड़िया नरसिंह निवासी 6 वर्षीय बालक तरुण पिता अशोक मकवाना 3 नवंबर को दोपहर ढाई बजे से लापता था। परिजनों ने गांव में काफी तलाश किया, लेकिन जब बच्चा नहीं मिला तो शाम को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अपहरण का केस रजिस्टर्ड कर तलाश शुरू की। तलाशी के दौरान बच्चे के घर से 200 मीटर दूर कुएं में बच्चे की चप्पल तैरती मिली। माता-पिता से तस्दीक करवाई गई।इसके बाद मोटर से कुएं का पानी निकाला गया।

उन्होंने बताया कि रात 12 बजे कुएं का पानी निकालना शुरू हुआ और सुबह 7 बजे बच्चे का शव बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार कुएं के पास निकलने के लिए संकरी जगह है। संभवत बच्चा कुएं के पास से गुजर रहा होगा और इसी दौरान उसका पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया होगा।

## नाबालिग से छेड़छाड़ कर चलती ट्रेन से कूदा युवक, पैर कटा

**शामगढ़, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। कोटा रेल मंडल के शामगढ़ रेलखंड में शनिवार रात ट्रेन से एक युवक के कूदकर भागने और इस दौरान पैर कटने का मामला सामने आया है। युवक को ट्रेन से धक्का देने की भी आशंका जताई जा रही है। इस युवक के कोटा कोचिंग का छात्र होने की बात कही जा रही है।**

शामगढ जीआरपी ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे सूचना मिली थी कि स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को पैर कटा एक युवक पटरी के किराने पड़ा नजर आया। इसके बाद पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। अधिक खून बह जाने से हालत गंभीर होने से यहां से युवक को इंदौर अस्पताल रैफर कर दिया। जहां पर युवक को होश नहीं आया था।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान युवक का नाम राहुल सामने आया है। इसके तेलंगाना के रहने की जानकारी सामने आ रही है। राहुल चेन्नई-जयपुर ट्रेन (12969) के सामान्य कोच में सफर कर रहा था। इसी कोच में उज्जैन निवासी एक परिवार भी अपनी नाबालिग बेटी के साथ सफर कर रहा था। यह परिवार राजस्थान में रिंगस खाटू श्याम के दर्शनों के लिए जा रहा था। इस परिवार का आरोप है कि इस राहुल नाम के इस युवक ने उसकी बेटी से छेड़छाड़ की है। इस पर कोच में मौजूद यात्रियों ने राहुल की पिटाई कर दी और शामगढ़ में जीआरपी को सौंपने के लिए राहुल को पकड़ लिया। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान शामगढ़ स्टेशन पास आता देख राहुल ट्रेन से कूदकर भाग गया।

इसके बाद यह परिवार शामगढ़ स्टेशन पर ही उतर गया। लेकिन, तब तक इस परिवार को राहुल के ट्रेन की चपेट में आने का पता नहीं चला था। नाबालिग के पिता ने राहुल के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवा दिया। रिपोर्ट लिखने के काफी देर बाद जीआरपी को राहुल के घायल होने का पता चला। लेकिन, तब तक जीआरपी को भी राहुल के छेड़छाड़ का अरोपी होने का पता नहीं था। बाद में जांच के दौरान जीआरपी को पूरे मामले का पता चला

### ट्रेन से धक्का देने की आशंका...

जीआरपी ने आशंका जताई की राहुल को ट्रेन से धक्का देने की बात सामने आ रही है। राहुल के कोटा में रहकर 11वीं कक्षा में पढने की भी जानकारी मिली है। राहुल कोटा में कोचिंग छात्र होने और इसे ट्रेन से धक्का देने के मामले की जांच की जा रही है। राहुल के बयान और जांच पूरी होन पर ही सच्चाई का पता चल सकेगा।

## बच्चों का होगा माक टेस्ट

### विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने का प्रयास

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों के तीसरी व छठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का माक टेस्ट लिया जाएगा ताकि उनकी सीखने की क्षमता का आकलन किया जाएगा। वर्ष भर में ऐसे तीन माक टेस्ट लिए जाएंगे। टेस्ट के परिणामों के विश्लेषण के आधार पर उन विषयों की पहचान की जाएगी, जिनके प्रश्नों के उत्तर विद्यार्थी नहीं दे पाये हैं। उन विषयों के शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सतत अभ्यास कराया जाएगा।अधिकारियों का कहना है कि यह राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) में बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है। 2021 में आई इसकी रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को देश भर में पांचवा स्थान मिला था। इस तिमाही टेस्ट से वार्षिक परीक्षा का परिणाम भी सुधरने की उम्मीद की जा रही है। राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिले के जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश जारी कर दिए हैं।स्कूलों से कहा गया है कि शिक्षक, विद्यार्थियों के प्रदर्शन की समीक्षा इस माक टेस्ट के जरिए करेंगे। इसकी मदद से वार्षिक परीक्षा से पहले या एनएएस से पहले विद्यार्थियों की एक-एक कमी को दूर करने का प्रयास किया जाए। इसके प्रश्न राज्य शिक्षा केंद्र से भेजा जाना है। इसका उत्तर ओएमआर शीट पर देना होगा। सभी कक्षाओं के परिणाम आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

### बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे...

दोनों कक्षाओं के माक टेस्ट में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। तीसरी कक्षा के टेस्ट में कुल 45 प्रश्न होंगे। इसे डेढ घंटे में हल करना होगा। छठवीं कक्षा में 60 प्रश्न होंगे। इसके लिए दो घंटे का समय निर्धारित होगा।

## कांग्रेस के साथ महाराष्ट्र में भी खेला होने जा रहा है...

**उज्जैन/मंदसौर, 04नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पाठक और खासकर राजनीतिक जगत अभी हरियाणा राज्य के चुनाव नतीजे को भुला नहीं होगा। जहां चुनाव की घोषणा से लेकर मतदान तक का वातावरण भाजपा की पूर्व सरकार के विरोध में बना हुआ था। इतना घना की सभी तटस्थ कहलाने वाले चैनल से लेकर यूट्यूबर और राजनीति के विशेषज्ञ समीक्षक भाजपा की निश्चित हार का दावा कर चुके थे। यहां तक कि 20 सीटें भी बीजेपी नहीं जीत पाएंगी। एक बात और अलग थी कि भाजपा की हार का दावा करने वाले भी कांग्रेस की जीत का स्पष्ट दावा ना करते हुए कहा जा रहा था कि कांग्रेस खाली विकेट पर बैटिंग करना चाहती है। वातावरण वोटिंग तक बदलता रहा और सरकार भाजपा की बन गई। इस दौरान भाजपा संगठन ने जो कूटनीतिक दांव अपनाए थे, उसमें वह सफल भी हो गई। जबकि, कांग्रेस सामने घटते दृश्य को देखकर भी समझ नहीं पाई और हुड्डा और शैलजा की लड़ाई को कांग्रेस की जड़ खोदने देते रहे थे।



चन्द्रमोहन भगत

हरियाणा में तो स्पष्ट दिख रहा था कि भाजपा की सरकार नहीं बन रही है पर महाराष्ट्र में ऐसा स्पष्ट भी नहीं दिख रहा है। अत: यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि अगर भाजपा के योजनाकार नेताओं ने हरियाणा की तरह की कूटनीतिक चाल चली हो और भीतर ही भीतर जनमत समेटने की योजना बना ली हो नतीजे में जीत हासिल करने के लिए। ऐसी कूटनीतिक चालें चलना भाजपा के गहरे अनुभव में शुमार है। जिसे विपक्षी दल समझते हैं तब तक देर हो जाती है और भाजपा जनमत समेट ले जाती है। जैसे हरियाणा में सिरसा से अपने ही घोषित प्रत्याशी रोहतास जांगड़ा का नाम वापस लेकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने चौंका दिया था। पर, इसके राजनीतिक असर के कारण भाजपा ने चुनावी बाजी ही लूट ली थी।

महाराष्ट्र में भी कुछ ऐसा ही खेला फिर से होने जा रहा है। देख सुनकर लग रहा है कि भाजपा समर्थित महायुती की प्रत्याशियों को चल रही सार्वजनिक स्पर्धा कहीं नुकसान न पहुंचा दे। बानगी देखिए सबसे बड़ा नाम नवाब मलिक, अजीत पवार समर्थक है और देवेंद्र फडणवीस सहित भाजपा भी इन्हें प्रत्याशी बनाने को बिल्कुल तैयार नहीं थी। इसलिए, अणुशक्ति नगर से मलिक के स्थान पर उनकी बेटी सना मलिक को महायुती का प्रत्याशी बनाया गया है। नवाब मालिक कहीं से भी नहीं लड़ेंगे यह भी तय नहीं हुआ था। महाराष्ट्र की राजनीति में नवाब मलिक अजीत पवार के बेहद करीबी माने जाते हैं, इसलिए यह माना जा रहा है कि नवाब मलिक मानखुर्द शिवाजी नगर से चुनाव लड़ेंगे और निर्दलीय प्रत्याशी बनकर लड़ भी रहे हैं। मुस्लिम मतदाताओं के नाम पर इस सुरक्षित सीट से सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी विधायक लड़ते बनते आए हैं।

बोरीवली सीट भाजपा की ही कहलाती आई है पर इस बार यहां से विधायक सुनील राणे के स्थान पर बाहरी संजय उपाध्याय को भाजपा ने प्रत्याशी बनाकर बोरीवली के स्थापित नेता गोपाल शेट्टी की बड़ी समर्पित टीम को नाराज कर बगावत के लिए मजबूर कर दिया है। तीसरी विवादित सीट बनी है पालघर की, यहां एकनाथ शिंदे समर्थक श्रीनिवास वागा को वायदा किया था फिर जब टिकट न दे पाए थे तो विधा परिषद में भेजने का वायदा किया था पर भेजा नहीं गया। नाराज वागा का अपने परिवार को भी बगैर कुछ बताएं फोन बंद कर अज्ञातवास पर चले गए थे। एकनाथ शिंदे के साथ आए सभी शिवसेना विधायकों को लगभग प्रत्याशी बनाया जा चुका है सिर्फ पालघर सीट को छोड़कर।

इधर मुख्यमंत्री के नाम पर अभी भाजपा हाई कमान ने कोई राय नहीं बनाई है कि महायुती सरकार बहुमत पाएगी तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा। किन्तु, बीजेपी के देवेंद्र फडणवीस समर्थकों ने नागपुर विदर्भ में लगाए अपने प्रचार पोस्टरों में उन्हें भावी मुख्यमंत्री घोषित कर डाला है। कुल मिलाकर भाजपा ने पहले से स्थापित सीटों के विधायक प्रत्याशियों को बदलकर सभी को हतप्रभ कर डाला है। और इस व्यापक और सतह पर नुकसान पहुंचाने वाले फेरबदल को जानकर हरियाणा की तरह कूटनीतिक चाल माना जा रहा है। ताकि नतीजे में भाजपा को हरियाणा की तरह अधिक से अधिक क्षेत्रीय और जातीय मतों का लाभ मिल जाए।



# कोरोना काल में योग ने बीमारी से लड़ने का आत्मविश्वास जगाया-पूर्व विधायक सिसौदिया

## दशपुर योग शिक्षा संस्था के साधकों का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान मंदसौर द्वारा योग भवन पर साधकों का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया उपस्थित रहे। अध्यक्षता योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने की। मुख्य अतिथि श्री सिसौदिया ने कहा कि इस योग केन्द्र पर आने पर पारिवारिक माहौल मिलता है, यहां गुरु व साधक एकजूट होकर नगर में योग के प्रति अलख जगाये हुए है। इस संस्था से जुडकर साधकों ने स्वस्थ रहने के लिये योग की उपयोगिता को समझा है। कोरोना काल से योग ने रोगियों में बीमारी से लड़ने का आत्मविश्वास जगाया है। आपने कहा कि इस संस्था जुडे साधक अन्य लोगों को भी योग से जोड़ने का कार्य करें।

योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक एकाग्रता बढ़ती है। दैनिक जीवनचर्या में योग को जोडकर हम अपनी कार्यशैली को बड़ा सकते है। आपने फास्ट फूड एवं असंतुलित आहार के नुकसान भी बताये। संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है यह पर्व सभी के जीवन में स्वास्थ्य की समृद्धि लेकर आये। दशपुर योग शिक्षा संस्थान बरसों से मंदसौर में निःशुल्क योग प्रशिक्षण दे रहा है जिसका अधिक से अधिक लाभ लें। प्रसिद्ध उद्योगपति मिलिन्द जिल्हेवार ने कहा कि योग व ध्यान हमारे ऋषि मुनियों की अमूल्य देन है। ध्यान से शारीरिक ताजगी और मानसिक एकाग्रता प्राप्त होती है। जीवन शैली पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। आपने कहा कि वर्तमान में हर एक के जीवन में मोबाइल की उपयोगिता काफी बढ़ गई है जो स्वास्थ्य के लिये नुकसानदायक भी है। श्री जिल्हेवार ने रात को मोबाईल का डाटा व वायफाय बंद रखने तथा रात्रि में जल्दी सोने व जल्दी उठने हेतु प्रेरित किया। वरिष्ठ साधक राजेन्द्र तांतेड एवं बाल साधक तनिष्क पाटीदार ने योग करने से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव लोकेन्द्र जैन ने किया व आभार उपाध्यक्ष जितेश फरक्या ने माना। इस अवसर पर जी.डी. मित्तल, सोरभ जैन, जिनेन्द्र उंकावत, विजय पलोड, प्रेमेन्द्र चौरडिया, रमेश खत्री, प्रीति जैन, बीना गर्ग, धर्मदास संगतानी, राजकुमार अग्रवाल, महेश सेठिया, अनिल कोठारी, आनन्द कर्म, नीलम जैसवानी, ज्योति चौरडिया, राजेन्द्र चाष्टा, अलका उदीवाल, सुभाष पाटीदार, गोपालकृष्ण पलोड, आनन्द कश्यप, शांकी कश्यप, तेजकरण गांधी, अरूण शर्मा, संध्या शर्मा, दिनेश पारीख, कंवरलाल पाटीदार, लालुप्रसाद चंचोसिया, संजय गर्ग, अनुपम माली, राजेन्द्र खण्डेलवाल, प्रकाश कल्याणी, विष्णु डाबर, सी.एस. नारानिया, साक्षी माली, साक्षी कोठारी, कुसुम माली सहित बडी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

## दो परिवारों में मारपीट, 5 पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दो परिवारों में मारपीट पर पुलिस ने दोनों पक्ष के पांच लोगों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। खेरखेडा निवासी कलाबाई पति ईश्वरलाल गुर्जर ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई में बेटे पंकज के साथ खेत पर सिंचाई कर रहे थे, इसी दौरान देवर सत्यनारायण व जेठ रामचन्द्र आए, मोटर बंद कर केबल समेटने लगे, कारण पूछा तो गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर से सिर पर मार दी, जिससे चोंट आई। बीच-बचाव करने आए मेरे बेटे पंकज व पति ईश्वरलाल के साथ भी मारपीट कर चोंट पहुंचाई। पुलिस ने देवर, जेठ पर केस दर्ज किया। इसी तरह रामचन्द्र पिता मथुरालाल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर चलाने के दौरान पंकज से बोला कि कुए में एक पाइप ओर लगा देना, इसस पर पंकज के साथ ईश्वरलाल व पत्नी कलाबाई गालियां देने लगे। मेरे व मेरे भाई सत्यनारायण के साथ मारपीट करने लगे, लाठी-डंडों से मारपीट में सिर, हाथ, पीठ पर चोंट आई। पुलिस ने पंकज, ईश्वरलाल व कलाबाई पर भी केस दर्ज किया।

# गायत्री परिवार व वर्क संस्था ने नूतन विद्यालय के पीछे ग्राउंड में किया दो घण्टे श्रमदान



**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार व वर्क संस्था द्वारा नूतन विद्यालय के पीछे ग्राउंड पर स्वच्छता अभियान चलाया। यहां गायत्री परिवार व वर्क संस्था ने करीब दो घण्टे श्रमदान किया। गाजर घास व पेड पौधों की निराई गुडाई की गई और परिसर को साफ किया गया। इस दौरान नगरपालिका की टीम ने भी सहयोग प्रदान किया। नपा के दरोगा व सफाई कर्मी ने कहा कि जो गंदगी शेष रह गई है उसे साफ करा देंगे।

श्रमदानियों ने कहा कि सामाजिक संस्थाएं तो अपना कार्य कर रहे है। स्वच्छता अभियान में प्रशासन को पार्क सार्वजनिक स्थान पर अधिक गंदगी रहती है। जहां गंदगी अधिक होगी वहां पर बीमारी अधिक फैलेगी। प्रशासन को भी हर माह अभियान चलाकर स्वच्छता अभियान चलाना चाहिये जो अभियान के तहत संस्था द्वारा व्यक्ति जुड सके। अभियान चलेंगे तो जन अभियान को रूप लेंगे और जागरूकता आयेगी और व्यक्ति के विचार बदलेंगे तथा गंदगी कम होगी। योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने कहा कि हम भी श्रमदान करेंगे और केन्द्र के सामने गाजर घास को साफ करायेंगे। नगरपालिका के सहयोग से यह कार्य होगा। योग गुरु बंशीलाल टांक ने कहा कि जब तक हर व्यक्ति की सोच नहीं बदलेगी तब तक गंदगी होती रहेगी। हमारी सोच को थोडा बदलने की आवश्यकता है। जब यह अभियान जन अभियान का रूप लेगा तो इंदौर के साथ मंदसौर भी नम्बर एक पर आ जायेगा। अभियान प्रभारी रमेश सोनी व हर्ष शर्मा ने कहा कि प्रशासन को गंदगी फैलाने वालों पर ठोस चालानी कार्यवाही करनी चाहिये। योगेशसिंह सोम ने कहा कि शासन प्रशासन को भी हफ्ते में एक दिन स्वच्छता अभियान चलाना चाहिये। जहां गंदगी अधिक है। श्रमदान कार्य में फिरोज भाई, मुजफ्फर हुसैन, मांगीलाल लहकारा, बाबूलाल चौहान, रमेश सोनी, बंशीलाल टांक, योग गुरु सुरेन्द्र जैन, रमेश सोनी, हर्ष शर्मा, योगेशसिंह सोम व नगरपालिका की टीम ने सहभागिता की।

# इंदौर महापौर एवं मंदसौर जिला संगठन चुनाव प्रभारी भार्गव आज मंदसौर में लेंगे भाजपा की कार्यशाला

## सक्रिय सदस्यता के अंतिम चरण में देवड़ा, गुर्जर, अठवाल, दीक्षित, चावला, श्रीमती गुर्जर सहित अनेक पदाधिकारी बने सक्रिय सदस्य





**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के मार्गदर्शन में मंदसौर जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान अंतिम चरणों में पहुंच चुका है, कल भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री गण विजय अठवाल, राजेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष राजु चावला , नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्य बनाया गया। संगठन पर्व अंतर्गत आज दिनांक 05 नवंबर को मंदसौर जिला संगठन चुनाव प्रभारी एंव इंदौर नगर निगम के महापौर श्री पुष्यमित्र जी भार्गव के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 12:30 बजे शुभकामना रिसोर्ट मंदसौर पर संगठन पर्व अंतर्गत कार्यशाला का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर मंदसौर जिला संगठन चुनाव सह प्रभारी के रूप में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गण मानसिंह माछोपुरिया एवं राजेंद्र सुराणा की उपस्थिति भी रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की कार्यशाला में जिला चुनाव अधिकारी टोली, जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, सांसद, विधायक, जिला व जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री मंडल प्रभारी, मंडल सक्रिय सदस्यता सहयोगी, मंडल संगठन पर्व सहयोगी टोली अपेक्षित है। समस्त अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी से आग्रह की नियत समय पर शुभकामना रिसोर्ट मंदसौर पर उपस्थित होकर आवश्यक कार्यशाला को सफल बनावे।





# श्रीकृष्णानन्द गुजराती सेन समाज कल्याण संस्था द्वारा शिक्षा जागरूकता अभियान चालाया

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री कृष्णानन्द गुजराती सेन समाज कल्याण संस्था द्वारा नाथुलाल सौलंकी जैतपुरा को उत्कृष्टसमाज सेवा सम्मान पत्र भेट किया गया। श्री कृष्णानन्द गुजराती सेन समाज के अध्यक्ष बलराम राठौर द्वारा बताया गया कि श्री सौलंकी द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य किये गये जो प्रशंसनिय होकर सराहनिय है। श्री सौलंकी द्वारा सामाजिक क्षेत्र में युवाओ, महिलाओं एवं वृद्धजनो को समाज में नई दिशा और पहचान दी एवं उनकी सेवा अवधि में समर्पण और कठीन परिश्रम से समाज मे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने मे महत्वपुर्ण योगदान रहा। संस्था द्वारा ग्राम जोगडी मे स्व. मदनलाल सौलंकी के पगढी कार्यक्रम में उनके परिजनो को शोक सवेदना सदेश भेट किया गया, तथा ग्राम धन्धौड़ा में स्व.श्रीमति मोहनबाई के परिजनो को भी शोक सवेदना सदेश भेट किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य डॉ. दिनेश सौलंकी, राकेश सेन सम्राट, अशोक परमार, श्याम लाल सौलंकी छायन, रमेश सेन बुड़ा, दयाराम चौहान, रामेश्वर गेहलोत, राधेश्याम गेहलोत, भवानीशंकर सेन, मांगीलाल ढिकोला जितेन्द्र गेहलोत, गणपत परमार, अनुप सेन, दिलीप सौलंकीख् गौविन्द परमार, बाबुलाल परिहार, सुरेश भावगढ, आदि मौजुद थें।

## नगरीय निकाय के रिटायर्ड कर्मियों को 50 प्रतिशत की दर से मिलेगी महंगाई राहत

**भोपाल, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के नगरीय निकायों के पेंशनरों को भी 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी। यह वृद्धि एक अक्टूबर 2024 से अन्य पेंशनरों की तरह दी गई है। छठवां वेतनमान प्राप्त पेंशनरों की महंगाई राहत दर 239 प्रतिशत रहेगी। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर विभागीय आयुक्त भरत यादव ने महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में अब नगरीय निकायों के पेंशनरों को भी महंगाई राहत की दर में राज्य शासन के पेंशनरों के समान लाभ मिलेगा। यह आदेश मूल पेंशन व परिवार पेंशन, दोनों पर लागू होगा।

**इससे पहले प्रदेशकर्मी पेंशनधारियों के लिए हो चुका है ऐलान**–मध्य प्रदेश में चार लाख से अधिक पेंशनरों को अक्टूबर 2024 से 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार ने सहमति दी है। छठे वेतनमान के पेंशनरों के लिए राहत दर 239 प्रतिशत होगी।

# देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकथाम के निर्देश

**नीमच, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** देवउठनी ग्यारस 2024 एवं अन्य विवाह मुहूर्तो के अवसर पर विवाह सम्पन्न होते है जिसमें बाल विवाह होने की प्रबल संभावना रहती है।अतः इन अवसरों पर विशेष रूप से विवाह पर निगरानी रखते हुए पूरे वर्ष अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए है, कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक की जानकारी एकत्रित कर सूची तैयार करें। अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में परियोजना अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा पुलिस निरीक्षक की टीम द्वारा निगरानी रखी जाये कि उक्त बालक-बालिका का विवाह तो नहीं हो रहा है। ग्राम स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु टीम गठित की जायें। आँगनवाडी केन्द्र पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने सूचना तंत्र तैयार करें, जिसमें शिक्षक ए.एन.एम.,आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्यादल की सदस्य, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति, सरपंच, पंच ग्राम पंचायत सचिव आदि हो सकते है। जिला एवं खण्ड स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर कार्यशाला का आयोजन किया जायें। विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं जैसे प्रिन्टिंग प्रेस, हलवाई, केटर्स, धर्मगुरु, बैन्डवाला ट्रान्सपोर्ट एवं समाज के मुखिया जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कार्यशाला के माध्यम से संवेदीकरण कर बाल विवाह में अपनी सेवायें न देने की अपील की जायें। विवाह स्थल पर वर-वधु के उम्र संबंधी दस्तावेजों का प्रतिपरीक्षण बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कराया जायें। सामूहिक विवाह करने वाले आयोजकों से शपथ पत्र प्राप्त करे, कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह संपन्न नही कर रहे है और न ही करेगें। इसी तरह प्रिन्टिंग प्रेस हलवाई, केटर्स, धर्मगुरु बैण्डवाला, ट्रान्सपोर्ट एवं समाज के मुखिया से अनुरोध किया जाये कि वर-वधु की उम्र संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर परीक्षण के उपरांत ही विवाह में सेवायें प्रदाय करें। कलेक्टर ने निर्देश है, कि बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित दल द्वारा बाल विवाह पर निगरानी रखें। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही करें। अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सभी धार्मिक गुरुओं एवं इनके विवाह सम्पन्न कराने मे आने वाले सेवा प्रदायकर्ता जैसे टेन्ट वाला, बैण्ड वाला, घोडी, केटरिंग, आदि इनके एसोसिएशन को बाल विवाह रोकथाम में सहयोग करने हेतु सूचित किया जावे।

## श्री सांवरिया गौशाला में मनाया अन्नकूट महोत्सव



**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ ग्राम कुंचडोद स्थित श्री सांवरिया गौशाला में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। ग्राम वासियों द्वारा अपने अपने घर से बनाए गए व्यंजन और डेढ़ क्विंटल लापसी का गौमाता को नैवेद्य लगाया। गौ माता का मेहंदी लगाकर सींग रंग कर पुष्प माला धारण कराकर पूजन और आरती कर भोग लगाया गया। पूजन अर्चन पं. आशीष शर्मा ने संपन्न कराया। गौशाला संरक्षक लक्ष्मीनारायण परमार और ठाकुर चंद्रपालसिंह पंवार, पतंजलि योग संगठन जिलाध्यक्ष योग गुरु बंसीलाल टांक, कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ कुंडेल, उपाध्यक्ष आजाद कुमार जैन, और प्रेमसुख पाटीदार, सचिव दशरथ गोयल, सहसचिव कारूराम करा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कुंडेल, ट्रस्टी पूर्व सरपंच गोवर्धन लाल रोडवार, राधेश्याम मंडोवरा, लक्ष्मी नारायण प्रजापत, बालू पटेल, मांगीलाल मारू, लक्ष्मीनारायण मारू, डॉ. प्रवीण शर्मा आदि ने गौ माता का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।



## जैल में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अन्तर्गत जिला जैल, मंदसौर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसल्स द्वारा सहभागिता की गई। शिविर के माध्यम से बंदियों को उनके कानूनी अधिकार से अवगत कराया गया तथा महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर जैल में निरूद्ध बंदियों हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए स्टॉल भी स्थापित किया गया।

## प्रार्थना वाघेला का राष्ट्रीय शालेय वालीबाल प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** 68वी जुनियर राष्ट्रीय शालेय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 6 से 10 नवंबर 2024 तक बरेली उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी, इस प्रतियोगिता के लिए मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन मंदसौर की खिलाड़ी कु. प्रार्थना वाघेला का 17 वर्ष की बालिका टीम में भाग लेकर मध्य प्रदेश जूनियर बालिका वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रार्थना वाघेला के चयन होने पर मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह चौहान एवं सदस्यगण विनय दुबेला, संदीप खाबियॉ, शेर मोहम्मद खान, सज्जन श्रीमाल, त्रिभुवन कवीश्वर, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रउफ खान, रितेश पोरवाल, अनिल पाटीदार, मिलिंद सांखला, रंजन छाबड़ा, राजेंद्र सिंह, अभिषेक सेठिया, अक्षय नलवाया, मोहित शर्मा, शैलेंद्र मसीही, अभिषेक यादव, पंकज मालवीय, चयन माली, आशीष रेठा, एंब्रोज वॉल्टर, चंदन शर्मा, आस्था भावसार, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, नमन शर्मा, दिव्यांशी गुप्ता, नेहा सालवी कविता मेघवाल, आकृति जैन, माधव जोशी,जानवी हाडा, साक्षी ग्वाला, और उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर की प्राचार्य डॉ विनीता मेहता, जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर श्री बंशीलाल बारीवाल, पीजी कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, पी.जी कॉलेज दलौदा के खेल अधिकारी अब्दुल रजाक, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर अशोक शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक श्री महेंद्र शुक्ला, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा.वि मंदसौर की वरिष्ठव्यायाम शिक्षिका श्रीमती शांता व्यास, शा. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल उ. म. विद्यालय मंदसौर के व्यायाम शिक्षक श्री रघुवीर मालवीय व जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर व कोच अभिषेक सेठिया ने दी।



# विद्युतीय कार्य के एवज में यदि कोई व्यक्ति/कम्पनी कर्मचारी अवैधानिक राशि मांगता है तो करें शिकायत

**मंदसौर, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री आर.सी. जैनअधीक्षण अभियन्ता मंदसौर ने बताया कि विद्युत के नये कनेक्शन लिये जाने, फैल वितरण ट्रांसफार्मर बदलने इत्यादि कार्यो की शिकायतें प्राप्त हुई है। जिनमें पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कतिपय कर्मचारियों/बाहरी व्यक्तियों द्वारा उपभोक्ताओं के कार्य करने के एवज में अवैधानिक रूप से राशि की अपेक्षा की जाती है।विद्युत उपभोक्ताओं/आवेदकों से अपील है कि विद्युत प्रदाय से संबंधित किसी भी प्रकार के कार्य के लिये किसी बाहरी व्यक्ति से संपर्क न करते हुवे निकटस्थ विद्युत वितरण कम्पनी कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी से सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए नियमानुसार आवेदन किया जावे। साथ ही वांछित कार्य हेतु कम्पनी द्वारा जारी मॉग पत्र को कम्पनी के केश काउण्टर/ऑन लाईन जमा करवाते हुवे विधिवत रसीद भी प्राप्त की जावे। यदि कोई बाहरी व्यक्ति/कम्पनी कर्मचारी नियम के विरूद्ध किसी भी प्रकार की राशि की मॉग करता है तो कृपया कम्पनी के स्थाानीय वरिष्ठ अधिकारी को दूरभाष पर अथवा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर संज्ञान में आवश्यक रूप से इस तथ्य को लाया जावें ताकि संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकें। विभाग के दूरभाष नम्बर 07422-298001पर एवं कार्यालयीन समय में सूचित कर सकते है।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन और नाम हटवाने की कार्रवाई 28 तक

**नीमच, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचक नामावली के प्रारुप का प्रकाशन किया गया। निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने और नाम हटवाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क किया जा सकता है। प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर कार्य दिवसों में बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहु ने बताया, कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम अनुसार दावे-आपत्तियों से संबंधित आवेदनों की प्राप्ति 28 नवम्बर तक जारी रहेगा। मतदाता सूची के विशेष पुर्नरीक्षण कार्यक्रम तहत चार विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। नवम्बर माह में विशेष शिविर जारी तिथि अनुसार क्रमश: 9,10 और 16,17 नवम्बरर को आयोजित होंगे। नया मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7, आधार की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए फॉर्म-6बी और मतदाता सूची में संशोधन, वोटर कार्ड में बदलाव के लिए फॉर्म-8 को भरना होगा। जो युवा 1 जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। नये मतदाताओं का वोटर आईडी कार्ड स्पीड पोस्ट के जरिये आसानी से उनके घर तक पहुंच जाएगा।

# जिला दण्डाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली



**नीमच, 04 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चन्द्रा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय, नीमच में जिले के सत्र एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा माह सितम्बर 2024 में पारित 28 दोषमुक्ति के निर्णय वाले प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित थे।

गुजरात राज्य विरूद्ध किशन भाई एवं अन्य के मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय में समस्त राज्यों के प्रत्येक जिले में इस हेतु प्रत्येक जिले में जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाये जाने के लिये निर्देशित किया गया था और उक्त निर्णय में यह निर्देश भी जारी किया था न्यायालय द्वारा घोषित निर्णय में दोषमुक्ति के निर्णयों की प्रतिमाह जिला दण्डाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला अभियोजन अधिकारी की समिति द्वारा प्रत्येक दोषमुक्ति निर्णय की समीक्षा की जावे और उक्त निर्णय में यदि दोषमुक्ति किसी कर्मचारी अथवा अधिकारी की त्रुटि अथवा लापरवाही से हुई हो तो संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाहीं की जावे। जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चन्द्रा द्वारा ली गई उक्त बैठक में अभियोजन की ओर से उपसंचालक श्री बी. एस. ठाकुर, जिला अभियोजन अधिकारी श्री जगदीश चौहान एवं अभियोजन अधिकारीगण सर्व श्री विवेक सोमानी, योगेश कुमार तिवारी, रमेश नावड़े, चन्द्रकांत नाफड़े, पारस मित्तल, रितेश कुमार सोमपुरा, आकाश यादव, विपिन मण्डलोई आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। यह जानकारी अभियोजन अधिकारी श्री रितेश कुमार सोमपुरा ने दी है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 1088 | 2000 | 2401 |
| उडद | 44 | 6651 | 7051 |
| सोयाबीन | 4000 | 3640 | 4501 |
| गैहु | 2932 | 2651 | 3251 |
| चना | 168 | 5299 | 6801 |
| मसुर | 34 | 5757 | 6754 |
| धनिया | 100 | 6201 | 6851 |
| लहसुन | 10000 | 10000 | 27511 |
| मैथी | 418 | 5001 | 6206 |
| मुंगफली | 4200 | 3800 | 5300 |
| अलसी | 765 | 5900 | 6351 |
| सरसो | 167 | 5900 | 6351 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 50 | 9500 | 14000 |
| प्याज | 3800 | 3000 | 4500 |
| कलोंजी | 2 | 8011 | 17301 |
| तुलसी बीज | 1 | 14100 | 14100 |
| डॉलर | 10 | 7760 | 10451 |
| तिल्ली | 33 | 10901 | 11920 |
| जौ | 10 | 2202 | 2551 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 40 | 10875 | 13003 |
| चिया | 1 | 14001 | 14001 |

